**Title:** Need for construction of an overbridge and a new platform at Chitrakutdham Karvi railway station on Central Railway.- Laid.

**श्री राम सजीवन (बांदा) : महोदय, मध्य रेलवे के झांसी डिविजन के अन्तर्गत बांदा सैक्शन में चित्रकूट धाम करवी एक अति महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। परन्तु इस स्टेशन पर दूसरे नम्बर का कोई प्लेटफार्म और रेल लाइन नहीं होने के कारण रेल यात्रियों को अनेक कष्ट उठाने पड़ते हैं। दो ट्रेनों के एक साथ स्टेशन पर खड़े होने से यात्रियों को चढ़ने-उतरने में बड़ी कठिनाई होती है। अक्सर यात्रियों को चोट लगती है, घायल होते हैं और अंग भंग होते हैं। इससे बच्चे, बूढ़े और महिलाएं अक्सर दुर्घटनाओं की शिकार होती हैं। रेल पटरी पर कोई प्लेटफार्म और पैदल ऊपरगामी पुल नहीं होने के कारण लोगों को पटरी पार करके जाना पड़ता है जो कानूनन अपराध है। इसलिए एक मझोले स्तर के प्लेटफार्म और तीसरी रेल पटरी का निर्माण अति आवश्यक है। मध्य रेलवे के अधिकारीगण इसके महत्व को स्वीकार करते हुए विगत सात-आठ वर्षों से तीसरी रेल लाइन, उस पर नए प्लेटफार्म तथा एक ऊपरगामी पैदल पारपथ (पुल) के निर्माण हेतु स्वीकृति देने का प्रस्ताव भी भेज रहे हैं। परन्तु अभी तक सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। यह भी ज्ञात हुआ है कि तीसरी रेल लाइन डाले बिना और ऊपरगामी पुल के बिना ही दूसरी पटरी पर रेल पटरी स्तर का प्लेटफार्म बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन है जिससे धन बरबाद होगा और जनता को कोई राहत नहीं मिलेगी।**

**अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि एक ऊपरगामी पुल सहित तीसरी रेल लाइन और नए प्लेटफार्म का निर्माण शीघ्र करा दिया जाए।**

*(Laid on the table of the House)